कोविद 19 महामारी परिदृश्य के मद्देनजर अनिवार्य आनंदम पाठ्यक्रम को ऑनलाइन चलाया जाएगा। आनंदम पाठ्यक्रम में 2 क्रेडिट / 50 अंक प्रति सेमेस्टर (एक परियोजना) या वार्षिक योजना (दो परियोजना) के लिए 100 अंक निरधारित हैं। कॉलेज के सभी संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों की सुविधा के लिए ppt एवं सिनोप्सिस और रिपोर्ट के प्रारूप whatsapp ग्रुप पर साझा किए जाने चाहिए ।

निम्नलिखित दिशानिर्देश ऑनलाइन गतिविधियों के लिए मेंटर को सुविधा प्रदान करेंगे:

आनंदम की व्यक्तिगत गतिविधि के लिए: प्रत्येक कक्षा के लिए मेंटर नियुक्ति किये जाएगे जिन्हें विद्यार्थियों के व्हाट्सएप समूह बनाने होंगे

मेंटरस के दायित्व:

- आनंदम पाठ्यक्रम और उसके तहत की जाने वाली गतिविधियाँ के बारे में जानकारी दे
- छात्रों को प्रतिदिन अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरित करें और उस कार्य को एक रजिस्टर में प्रतिदिन नोट करें
- नियमित रूप से प्रेरणादायक संदेश विद्यार्थियों से साझा करे ताकि छात्रों को अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरित किया जा सके
- विद्यार्थियों को सामुदायिक सेवा की परियोजना के बारे में सूचना दे जोकि उन्हें 8-12 के समूह में करनी है

समूह गतिविधियाँ: प्रति सेमेस्टर (एक परियोजना) में 2 क्रेडिट / 50 अंक या वार्षिक योजना (दो परियोजनाएं) के लिए 100 अंक

- कक्षा में छात्रों की संख्या के अनुपात में 8-12 छात्रों के व्हाट्सएप समूहों में छात्रों को विभाजित करें
- प्रत्येक समूह में एक समूह के नेता का चयन करें
- विद्यार्थियों से उन परियोजनाओं की सूची साझा करें जिनसे वे समाज सेवा के लिए जुड़ सकते है। छात्र समूहों से मेंटरस स्थानीय मुद्दों को हल करने वाली परियोजनाओं के लिए सुझाव भी आमंत्रित कर सकते हैं
- विद्यार्थियों द्वारा की गयी गतिविधियों की तस्वीरे लेने और GO / NGO से प्रमाण पत्र लेने का निर्देश दें।
- विद्यार्थियों के साथ ppt और सिनोप्सिस एवं रिपोर्ट का प्रारूप साझा करें उन्हें निर्देश दें कि परियोजना की सिनॉप्सिस और रिपोर्ट कैसे तैयार की जाए क्योंकि इनका मूल्यांकन अंकों के लिए किया जाएगा।

ऑनलाइन आनंदम दिवस: हर महीने के अंतिम सप्ताह में **ऑनलाइन आनंदम दिवस** मनाया जायेगा, जिसमें विद्यार्थी समूह उन गतिविधियों के बारे में प्रस्तुति देंगे, जिनमें वे शा।मिल हैं। इस दिन प्रेरक व्याख्यान / वीडियो / फिल्में / वेबिनार इत्यादि भी आयोजित कर सकते हैं

मेंटरस कॉलेज के नोडल अधिकारी को समूह गतिविधियों की एक मासिक रिपोर्ट तस्वीरों, (GO / NGO के साथ कार्य करने का प्रमाण पत्र और मीडिया कवरेज, यदि कोई हो तो) के साथ प्रस्तुत करेगे कॉलेज के नोडल अधिकारी केवल समूह गतिविधियों की जानकारी संकलित करेगे और इसे Google स्प्रेडशीट पर आयुक्तालय स्तर पर आनंदम नोडल अधिकारी के साथ साझा करेगे

Google स्प्रैडशीट तैयार करने के लिए महाविद्यालय को भेजे गए डॉ अनूप नाहा द्वारा तैयार ppt slide संख्या 03 का अवलोकन करे।